**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 5608**

**Series : SS-April/2021**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

## भाग – II

## PART – II

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

**(Objective Questions)**

***ACADEMIC/OPEN***

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **44 (16 + 14 + 14)** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper of **Part-II** are **16** in number and it contains **44 (16 + 14 + 14)** questions.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper, **no claim in this regard, will be entertained after examination.***

***सामान्य निर्देश :***

(i) *यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभाजित है :*

***भाग – अ :*** *अलाभकारी संस्थाएँ एवं साझेदारी खाते।*

***भाग – ब :*** *कम्पनी खाते एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण।*

***भाग – स :*** *कम्प्यूटरीकृत लेखांकन।*

*(ii)* ***भाग – अ अनिवार्य है।*** *परीक्षार्थी अपनी इच्छा से* ***भाग – ब*** *तथा* ***भाग – स*** *में से कोई* ***एक*** *भाग हल करें।*

*(iii)* ***सभी*** *प्रश्न हल करने हैं। प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है।* ***सही*** *उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper is divided into* ***three*** *Parts :*

***Part – A :*** *Not for Profit Organizations & Partnership Accounts.* .

***Part – B :*** *Company Accounts & Analysis of Financial Statements.*

***Part – C :*** *Computerized Accounting.*

*(ii)* ***Part – A is compulsory****. Candidates have to attempt any* ***one*** *part from* ***Part – B*** *and* ***Part – C*** *of their choice.*

*(iii)* ***All*** *questions are to be attempted. Each question carries* **1** *mark. Write the* ***correct*** *answer in your answer-book.*

## भाग – अ

## PART – A

## (अलाभकारी संस्थाएँ एवं साझेदारी खाते)

## (Not for Profit Organizations & Partnership Accounts)

**1.** प्राप्ति और भुगतान खाता प्रायः प्रदर्शित करता है : 1

(A) डेबिट शेष (B) क्रेडिट शेष

(C) आधिक्य या कमी (D) पूँजी निधि

Receipts and Payments Account generally shows :

(A) A Debit Balance (B) A Credit Balance

(C) Surplus or Deficit (D) Capital Fund

**2.** निम्न में से कौन-सा पूँजीगत प्राप्ति है ? 1

(A) आजीवन सदस्यता शुल्क (B) दान

(C) चन्दा (D) विनियोगों पर ब्याज

Which of the following represent Capital Receipt ?

(A) Life Membership Subscription (B) Donation

(C) Subscription (D) Interest on Investment

**3.** साझेदार का फर्म से सम्बन्ध होता है : 1

(A) स्वामी का (B) एजेन्ट का

(C) स्वामी एवं एजेन्ट का (D) प्रबन्धक का

The relation of partner with the firm is that of :

(A) An owner (B) An Agent

(C) An owner and an Agent (D) Manager

**4.** साझेदारी संलेख बनाना : 1

(A) अनिवार्य है

(B) लिखित में अनिवार्य है

(C) अनिवार्य नहीं है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Forming of Partnership Deed is :

(A) Mandatory

(B) Mandatory in writing

(C) Not mandatory

(D) None of the above

**5.** त्याग अनुपात : 1

(A) नया अनुपात – पुराना अनुपात (B) पुराना अनुपात – नया अनुपात

(C) पुराना अनुपात – लाभ प्राप्ति अनुपात (D) लाभ प्राप्ति अनुपात – पुराना अनुपात

Sacrificing Ratio :

(A) New Ratio – Old Ratio (B) Old Ratio – New Ratio

(C) Old Ratio – Gaining Ratio (D) Gaining Ratio – Old Ratio

**6.** किसी नये साझेदार को साझेदारी में सम्मिलित किया जा सकता है : 1

(A) किसी भी एक साझेदार की सहमति से

(B) साझेदारों के बहुमत की सहमति से

(C) सभी पुराने साझेदारों की सहमति से

(D) पुराने साझेदारों के 2/3 साझेदारों की सहमति से

A new partner may be admitted into partnership :

(A) with the consent of any one partner

(B) with the consent of majority of partners

(C) with the consent of all old partners

(D) with the consent of 2/3 of old partners

**7.** 'एक्स' तथा 'वाई' 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। 'जेड' को 1/4 भाग देकर साझेदार बनाया गया जो अपना हिस्सा 'एक्स' तथा 'वाई' से बराबर-बराबर प्राप्त करता है। नया अनुपात होगा : 1

(A) 9 : 6 : 5 (B) 19 : 11 : 10

(C) 3 : 3 : 2 (D) 3 : 2 : 4

'X' and 'Y' are partners sharing profit in the ratio of 3 : 2. 'Z' was admitted with 1/4 share in profits which he acquire equally from 'X' and 'Y'. The new ratio will be :

(A) 9 : 6 : 5 (B) 19 : 11 : 10

(C) 3 : 3 : 2 (D) 3 : 2 : 4

**8.** यदि नया साझेदार ख्याति की रकम नकद लाता है, तो उसे बाँटा जाएगा : 1

(A) त्याग अनुपात में (B) पुराने लाभ अनुपात में

(C) नए लाभ अनुपात में (D) पूँजी अनुपात में

If the new partner brings his share of goodwill in cash, it will be shared by old partners in :

(A) Sacrificing Ratio
(B) Old profit sharing ratio
(C) New profit sharing ratio
(D) In capital ratio

**9.** साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति की राशि किसके पूँजी खाते में क्रेडिट की जाएगी ? 1

(A) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के
(B) शेष साझेदारों के
(C) सभी साझेदारों के
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

On retirement of a partner, goodwill will be credited to the Capital Account of :

(A) Retiring Partner
(B) Remaining Partners
(C) All Partners
(D) None of the above

**10.** 'अ', 'ब' व 'स' 4 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। यदि 'अ' के अवकाश ग्रहण करने पर 'ब' व 'स' का नया अनुपात 3 : 1 है, तो लाभ प्राप्ति अनुपात होगा : 1

(A) 3 : 13
(B) 13 : 3
(C) 3 : 1
(D) 12 : 5

'A', 'B' and 'C' are partners sharing profit in the ratio of 4 : 2 : 1. If the new ratio of 'B' and 'C' is 3 : 1 on the retirement of 'A', then what will be the gaining ratio ?

(A) 3 : 13
(B) 13 : 3
(C) 3 : 1
(D) 12 : 5

**11.** साझेदारों की पूँजी स्थायी होने पर कौन-से खाते खोले जाते हैं ? 1

(A) केवल पूँजी खाते
(B) केवल चालू खाते
(C) पूँजी खाते तथा चालू खाते
(D) पूँजी खाते अथवा चालू खाते

Which accounts are opened when the capital are fixed ?

(A) Only Capital Accounts

(B) Only Current Accounts

(C) Capital Accounts as well as Current Accounts

(D) Either Capital Accounts or Current Accounts

**12.** साझेदारों की पूँजी पर ब्याज डेबिट किया जाएगा : 1

(A) लाभ-हानि खाते में

(B) लाभ-हानि समायोजन खाते में

(C) ब्याज खाते में

(D) पूँजी खातों में

Interest on partner's capitals will be credited to :

(A) Profit and Loss Account

(B) Profit and Loss Appropriation Account

(C) Interest Account

(D) Partner's Capital Accounts

**13.** 1 मार्च, 2019 को एक साझेदार ने फर्म में ₹ 50,000 की अतिरिक्त पूँजी लगायी। साझेदारी संलेख के अभाव में 31-12-2019 को उसे ब्याज मिलेगा : 1

(A) ₹ 3,000 (B) शून्य

(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 1,800

On 1st March, 2019 a partner introduced in the firm additional capital of ₹ 50,000. In the absence of partnership deed, on 31st December, 2019 he will receive interest :

(A) ₹ 3,000 (B) zero

(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 1,800

**14.** यदि साझेदारों के आहरण की तिथि न दी हुई हो, तो कितने समय का ब्याज लगाया जाता है ? 1

(A) 1 माह का

(B) 3 माह का

(C) 6 माह का

(D) 12 माह का

If date of drawings of the partner's is not given in the question, interest is charged for how much time ?

(A) 1 month

(B) 3 months

(C) 6 months

(D) 12 months

**15.** 'ए' तथा 'बी' लाभ-हानि को समान बाँटते हैं। 1 अप्रैल, 2010 से वे लाभ-हानि को 4 : 3 के अनुपात में बाँटने पर सहमत हुए। लाभ विभाजन में परिवर्तन के कारण 'बी' का लाभ प्राप्ति अथवा त्याग का हिस्सा होगा : 1

(A) लाभ प्राप्ति $\frac{1}{14}$ (B) त्याग $\frac{1}{14}$

(C) लाभ प्राप्ति $\frac{4}{7}$ (D) त्याग $\frac{3}{7}$

'A' and 'B' were partners sharing profits or losses equally. With effect from 1st April, 2010 they agreed to share profit in the ratio of 4 : 3. Due to change in profit sharing ratio, B's gain or sacrifice will be :

(A) Gain $\frac{1}{14}$ (B) Sacrifice $\frac{1}{14}$

(C) Gain $\frac{4}{7}$ (D) Sacrifice $\frac{3}{7}$

**16.** एक फर्म द्वारा कमाये गए पिछले पाँच वर्षों के लाभ एवं हानि इस प्रकार है : ₹ 12,000; ₹ 13,000; ₹ 14,000; ₹ 18,000 और ₹ 2,000 (हानि)। दो वर्ष के क्रय के आधार पर ख्याति का मूल्य होगा : 1

(A) ₹ 23,600 (B) ₹ 22,000

(C) ₹ 1,10,000 (D) ₹ 1,18,000

The profits earned by a business over the last 5 years are as follows : ₹ 12,000; ₹ 13,000; ₹ 14,000; ₹ 18,000 and ₹ 2,000 (loss). Based on 2 years purchase of last 5 years profit, value of goodwill will be :

(A) ₹ 23,600 (B) ₹ 22,000

(C) ₹ 1,10,000 (D) ₹ 1,18,000

## भाग – ब

## PART – B

## (कम्पनी खाते एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## (Company Accounts & Analysis of Financial Statements)

**17.** एक कम्पनी का ............ होता है। 1

(A) पृथक वैधानिक अस्तित्व (B) स्थायी जीवन

(C) सीमित दायित्त्व (D) उपरोक्त सभी

A company has ............ .

(A) Separate legal entity (B) Perpetual existence

(C) Limited liability (D) All of the above

**18.** एक कम्पनी का निर्माण किया जाता है : 1

(A) संसद के विशेष अधिनियम द्वारा (B) कम्पनी अधिनियम द्वारा

(C) विनियोजकों द्वारा (D) सदस्यों द्वारा

A company is created by :

(A) Special act of Parliament (B) Companies Act

(C) Investors (D) Members

**19.** कम्पनी की पूँजी कुछ इकाइयों में विभक्त होती है, जिसे कहा जाता है : 1

(A) ऋणपत्र (B) अंश

(C) स्टॉक (D) बाण्ड

Capital of a company is divided in units, which is called :

(A) Debenture (B) Share

(C) Stock (D) Bond

**20.** कम्पनी में निश्चित दर से लाभांश किसको दिया जाता है ? 1

(A) समता अंशधारियों को (B) पूर्वाधिकार अंशधारियों को

(C) ऋणपत्रधारियों को (D) प्रवर्तकों को

To whom dividend is given at a fixed rate in a company ?

(A) To Equity Shareholders (B) To Preference Shareholders

(C) To Debentureholders (D) To Promoters

**21.** संचित पूँजी निम्न का भाग होती है : 1

(A) माँगी गई पूँजी (B) चुकता पूँजी

(C) पूँजी संचय (D) न माँगी गई पूँजी

Reserve Capital is a part of :

(A) Called up Capital (B) Paid up Capital

(C) Capital Reserve (D) Uncalled Capital

**22.** कम्पनी अधिनियम के अनुसार न्यूनतम अभिदान की राशि कुल निर्गमन का ........... निर्धारित कर दी गई है। 1

(A) 25% (B) 50%

(C) 90% (D) 100%

According to Companies Act, Minimum subscription has been fixed at .......... of the issued amount.

(A) 25% (B) 50%

(C) 90% (D) 100%

**23.** ऋणपत्रधारी कम्पनी के ........... होते हैं। 1

(A) स्वामी (B) ग्राहक

(C) लेनदार (D) प्रवर्तक

Debentureholders are ............ of the Company.

(A) Owners (B) Customers

(C) Creditors (D) Promoters

**24.** ऋणपत्र प्रदर्शित करते हैं : 1

(A) कम्पनी के दीर्घकालीन ऋण

(B) समता अंशधारियों के विनियोग

(C) कम्पनी में संचालकों के अंश

(D) कम्पनी के अल्पकालीन ऋण

Debentures represent the :

(A) Long term borrowings of a Company

(B) Investments of Equity Shareholders

(C) Directors shares in a Company

(D) Short term borrowings of a Company

**25.** कम्पनी के ऋणपत्रों को निर्गमित किया जा सकता है : 1

(A) नकदी के बदले (B) बिना नकद प्रतिफल के

(C) सहायक प्रतिभूति के रूप में (D) उपरोक्त कोई भी

Debentures of a company can be issued :

(A) For Cash (B) For consideration other than cash

(C) As a collateral security (D) Any of the above

**26.** ऋणपत्रों के शोधन पर लाभ को किस खाते में हस्तांतरित किया जाता है ? 1

(A) पूँजी संचय खाता (B) सामान्य संचय खाता

(C) सिंकिंग फण्ड खाता (D) लाभ-हानि विवरण

Profit on redemption of debentures is transferred to which account ?

(A) Capital Reserve Account (B) General Reserve Account

(C) Sinking Fund Account (D) Statement of Profit & Loss

**27.** सिंकिंग फण्ड खाता का शेष हमेशा प्रदर्शित करता है : 1

(A) डेबिट शेष (B) क्रेडिट शेष

(C) न डेबिट न क्रेडिट शेष (D) डेबिट या क्रेडिट शेष

Balance of Sinking Fund Account always shows :

(A) Debit Balance (B) Credit Balance

(C) Neither Debit nor Credit Balance (D) Either Debit or Credit Balance

**28.** ऋणपत्र शोधन पर प्रीमियम ............ खाता है। 1

(A) सम्पत्ति (B) दायित्त्व

(C) व्यय (D) आय

Premium on redemption of Debentures Account is :

(A) Asset (B) Liability

(C) Expenses (D) Income

**29.** निम्न में से कौन-सा कथन ***सत्य*** है ? 1

(A) अधिकृत पूँजी = निर्गमित पूँजी

(B) अधिकृत पूँजी > निर्गमित पूँजी

(C) चुकता पूँजी > निर्गमित पूँजी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following statements is ***true*** ?

(A) Authorized Capital = Issued Capital

(B) Authorized Capital > Issued Capital

(C) Paid up Capital > Issued Capital

(D) None of the above

**30.** एक कम्पनी की अधिकृत पूँजी का उल्लेख होता है : 1

(A) पार्षद सीमानियम में (B) पार्षद अन्तर्नियम में

(C) प्रविवरण में (D) स्थानापन्न प्रविवरण में

Authorised capital of a company is mentioned in :

(A) Memorandum of Association (B) Articles of Association

(C) Prospectus (D) Statement in lieu of prospectus

## भाग – स
## PART – C
## (कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)
## (Computerized Accounting)

**17.** अकाउंटिंग पैकेज किस आधार पर विकसित किये जाते हैं ? 1

(A) लेखा अवधारणा (B) लेखा परिपाटियाँ

(C) (A) और (B) दोनों (D) उपरोक्त में कोई भी नहीं

Accounting Packages are developed on the basis of :

(A) Accounting Concepts (B) Accounting Conventions

(C) Both (A) and (B) (D) None of the above

**18.** अकाउंटिंग पैकेज किस प्रकार का सॉफ्टवेयर है ? 1

(A) सिस्टम सॉफ्टवेयर (B) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

(C) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (D) बेसिक

What type of software is an accounting package ?

(A) System Software (B) Application Software

(C) Utility Software (D) Basic

**19.** कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली के घटक हैं : 1

(A) डेटा, रिपोर्ट, खाता बही, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर

(B) सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, लोग, प्रक्रिया

(C) डेटा, कोडिंग, प्रक्रिया, उद्देश्य, आउटपुट

(D) लोग, प्रक्रिया, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर

The components of computerized accounting system are :

(A) Data, Report, Ledger, Software, Hardware

(B) Software, Hardware, People, Procedure

(C) Data, Coding, Procedure, Objective, Output

(D) People, Procedure, Hardware, Software

**20.** खातों का समूहन से तात्पर्य डेटा के वर्गीकरण से है : 1

(A) सम्पत्तियाँ, पूँजी और देनदारियाँ

(B) पूँजी, सम्पत्तियाँ, देनदारियाँ, आय और व्यय

(C) सम्पत्तियाँ, इक्विटी, आय और व्यय

(D) पूँजी, देनदारियाँ, आय और व्यय

Grouping of Accounts means the classification of data from :

(A) Assets, Capital and Liabilities

(B) Capital, Assets, Liabilities, Revenue & Expenses

(C) Assets, Equity, Revenue & Expenses

(D) Capital, Liabilities, Revenue & Expenses

**21.** विषम को चुनें : 1

(A) पासवर्ड सिक्योरिटी (B) डेटा ऑडिट

(C) डेटा बैंक (D) डेटा वॉल्ट

Choose the odd one out :

(A) Password Security (B) Data Audit

(C) Data Bank (D) Data Vault

**22.** डेटा विश्लेषण डेटा वेयरहाउस का एक उपकरण है। (सत्य/असत्य) 1

Data analysis is a tool of data warehouse. (True/False)

**23.** चरणबद्ध दृष्टिकोण में वर्तमान प्रणाली प्रस्तावित प्रणाली के बाद निष्पादित होती है। (सत्य/असत्य) 1

In phased approach the current system is executed after the proposed system. (True/False)

**24.** क्लास उपयोगकर्ता परिभाषित डेटा प्रकार हैं। (सत्य/असत्य) 1

Classes are user defined data types. (True/False)

**25.** ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग डेटा के बजाय प्रक्रिया पर जोर देती है। (सत्य/असत्य) 1

Object Oriented programming emphasizes on procedure rather than on data. (True/False)

**26.** निम्नलिखित विधियों में से एक सेल में डेटा दर्ज करने के लिए इस्तेमाल ***नहीं*** किया जा सकता है : 1

(A) एक तीर कुंजी दबाना (B) टैब कुंजी को दबाना

(C) ESC कुंजी दबाना (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following methods can ***not*** be used to enter data in a cell ?

(A) Pressing an arrow key (B) Pressing the tab key

(C) Pressing the ESC key (D) None of the above

**27.** वर्कशीट बनाने में निम्नलिखित में से कौन-सा एक बुनियादी कदम ***नहीं*** है ? 1

(A) वर्कबुक सेव करें (B) वर्कशीट को संशोधित करें

(C) टेक्स्ट और डेटा डालें (D) वर्कशीट कॉपी करें

Which of the following is ***not*** a basic step in creating a worksheet ?

(A) Save workbook (B) Modify the worksheet

(C) Enter text and data (D) Copy the worksheet

**28.** सेलों में रखी गई टिप्पणियों को कहते हैं : 1

(A) स्मार्ट टिप (B) सेल टिप

(C) वेब टिप (D) नरम टिप

Comments put in cells are called :

(A) Smart tip (B) Cell tip

(C) Web tip (D) Soft tip

**29.** एक सूत्र का उपयोग करके एकाधिक गणना की जा सकती है : 1

(A) मानक सूत्र (B) सरणी सूत्र

(C) स्मार्ट सूत्र (D) जटिल सूत्र

Multiple calculations can be made in a single formula using :

(A) Standard formula (B) Array formula

(C) Smart formula (D) Complex formula

**30.** हाइपरलिंक कर सकते हैं : 1

(A) पाठ (B) ड्राइंग वस्तुएँ

(C) चित्र (D) उपरोक्त सभी

Hyperlink can be :

(A) Text (B) Drawing objects

(C) Pictures (D) All of the above